हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 दिसंबर 2025

04 आयुक्त ग्वालियर संभाग ने योजनाओं...



08 संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ





## समाचार संक्षेप

### पत्रकार भवन में नेशनल मीडिया फाउंडेशन ग्वालियर संभाग की महत्वपूर्ण बैठक 30 को

गुना। नेशनल मीडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में ग्वालियर संभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 30 दिसंबर, मंगलवार को किया जा रहा है। यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। बैठक का आयोजन प्रेस क्लब कार्यालय, मौसम विभाग के सामने, केंट सब्जी मंडी के पास, गुना में किया जाएगा। बैठक का समय दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।इस बैठक में संगठन की गतिविधियों, मीडिया से जुड़े समसामयिक विषयों, पत्रकार हितों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ग्वालियर संभाग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पत्रकार साथियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महावीर सिंह तोमर के द्वारा किया गया है।ग्वालियर संभाग अध्यक्ष कमल कुमार काक ने सभी पत्रकार साथियों को बैठक में सादर आमंत्रित किया है।



### गुना में कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

गुना। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस जिले भर में 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री, राघौगढ़ विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्ष के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर गुना अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने बताया कि इस अवसर पर गुना शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 1 एवं 2 के नेतृत्व में तथा गुना जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लॉकों में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन, गुना में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने समस्त सम्माननीय विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है। गुनाकांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।


### पल्लवी और कान्हा प्रजापति राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में दिखाएंगे दमखम





गुना। जिले की छात्रा पल्लवी धाकड़ एवं छात्र कान्हा प्रजापति मंदसौर में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की ओर से भाग ले रही हैं। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदसौर में 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कोचिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, जबकि 2 जनवरी से 6 जनवरी तक राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि पल्लवी धाकड़ इससे पहले भी 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं, जो पिछले वर्ष पटियाला (पंजाब) में आयोजित हुई थी। पल्लवी एवं कान्हा की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी देवेंद्र पाटेरिया, बास्केटबॉल के नोडल प्रभारी मनोज शर्मा, एनआईएस कोच सचिन सक्सेना, राहुल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एवं अनिल सूद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### हिंदू सम्मेलन का शंखनाद, बूढ़े बालाजी बस्ती में झंडा यात्रा के साथ हुआ भव्य भूमि पूजन




गुना। नगर की बूढ़े बालाजी बस्ती स्थित दुर्गा मैदान पर हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के लिए भव्य भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़े बालाजी मंदिर से निकली भव्य झंडा यात्रा के साथ हुआ, जो बस्ती के विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए। इस मौके पर संतों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर धर्मध्वज की स्थापना की गई। आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि सम्मेलन के दौरान लगभग 5000 धर्मालु बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत जनसंपर्क योजना भी तैयार की गई है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक और समाजसेवी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने शंखनाद कर धर्ममय वातावरण में सम्मेलन का शुभारंभ किया।

# सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बने भजन सेठ

**प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रेमनारायण राठौर की तीन पीढ़ियों ने लिया नेत्रदान का संकल्प**

न्यूज ⏭गुना



प्रेमनारायण राठौर



विनोद राठौर



करण राठौर



अनूप सिंह सोढी



नीरज राठौर

सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बने गुना के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रेमनारायण राठौर (भजन सेठ) का जीवन मानवता के प्रति समर्पण की प्रेरक कहानी है। हाल ही में उन्होंने नेत्रदान एवं अंगदान का शपथ पत्र भरकर समाज को नई दिशा दी, जिससे प्रेरित होकर उनके पुत्र विनोद राठौर एवं पौत्र करण राठौर ने भी नेत्रदान का संकल्प लिया। लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमैन लायन आलोक अग्रवाल से शपथ पत्र प्राप्त कर दोनों ने नेत्रदान की सहमति दी। इस प्रकार राठौर परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ सेवा के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दी, जो पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है।

#### अनूप सोढ़ी व नीरज ने भी भरे नेत्रदान के शपथ पत्र

इस अवसर पर अनूप सोढ़ी एवं नीरज राठौर ने भी नेत्रदान का शपथ पत्र भरकर इस पुनीत अभियान में सहभागिता निभाई। यह क्षण भावुक होने के साथ-साथ समाज को झकझोर देने वाला संदेश भी देता है कि इंसान अपने जाने के बाद भी किसी के जीवन में उजाला भर सकता है।

#### बेसहारा लोगों के अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक कराए

भजन सेठ का सामाजिक योगदान केवल नेत्रदान तक सीमित नहीं है। वे लावारिस एवं बेसहारा लोगों के अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक कराने का कार्य लंबे समय से निरंतर कर रहे हैं। अब तक हजारों अनाथ और लावारिस लोगों को उन्होंने मानवीय गरिमा के साथ अंतिम विदाई दिलाई है, जो किसी भी सभ्य समाज की सच्ची पहचान है। इस कार्य की जिलेभर में मिसाल कायम है।

#### हजारों बेटियों का घर बसाने में सहायक बन चुके हैं

इसके साथ ही भजन सेठ द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह का भी व्यापक आयोजन किया जाता रहा है। इस पुण्य कार्य के माध्यम से वे अब तक हजारों बेटियों का घर बसाने में सहायक बन चुके हैं, जिससे न केवल परिवारों का बोझ कम हुआ बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा का भाव भी मजबूत हुआ। अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं

#### स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भजन सेठ का योगदान

उल्लेखनीय है। वे दो अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं, जहां गरीब और असहाय लोगों को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन अस्पतालों के माध्यम से हजारों जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन और राहत मिल रही है।

#### समाज में पेश की एक प्रेरक व्यक्तित्व की दिशा

भजन सेठ और राठौर परिवार का यह समर्पण यह सिद्ध करता है कि सच्चा समाजसेवी वही है, जो जीवन में भी सेवा करे और जीवन के बाद भी किसी के लिए आशा का प्रकाश छोड़ जाए। यही कार्य उन्हें समाज में एक प्रेरक व्यक्तित्व बनाता है। दूसरे लोग भी इस कार्य से प्रेरणा लें। राठौर परिवार की वर्तमान पीढ़ियों में भी इस परंपरा का निर्वहन हो रहा है।

**बदमाशों के हौसले अब खुलेआम सड़कों पर नहीं, बल्कि सिस्टम को चुनौती देते नजर आ रहे हैं**

# बहन की शादी में शामिल होने विदेश से आए युवक को लूटा और पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर में कानून-व्यवस्था की पोल खोलती एक और सनसनीखेज वारदात ने यह साफ कर दिया है कि बदमाशों के हौसले अब खुलेआम सड़कों पर नहीं, बल्कि सिस्टम को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। बीती रात शांति पब्लिक स्कूल क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को सरेराह घेरकर न सिर्फ बेरहमी से पीटा, बल्कि लूट और डिजिटल ठगी की हदें भी पार कर दीं।

अपराधियों ने युवक से सोने का लॉकेट, चांदी की चेन और पांच हजार रुपये जबरिया छीन लिए। इतना ही नहीं, मोबाइल कब्जे में लेकर यूपीआई के जरिए 50 हजार रुपये निकालने की पूरी तैयारी कर ली थी। अगर ऐन वक्त पर स्थानीय लोग मौके पर नहीं पहुंचते, तो यह वारदात कहीं ज्यादा गंभीर रूप ले सकती थी। लोगों की भीड़ जुटते देख बदमाश युवक को अधमरा छोड़कर फरार हो गए।हैरत और शर्मनाक तथ्य यह है कि पीड़ित युवक तरुण राठौर, जो टेकरी रोड क्षेत्र का निवासी है, कुछ ही दिन पहले अपनी बहन की शादी के लिए अमेरिका से गुना आया था। विदेश में नौकरी करने वाला यह युवक अपने ही शहर में असुरक्षित साबित हुआ और फिलहाल जिला चिकित्सालय में भर्ती होकर इलाज करा रहा है।घटना रात करीब 9 बजे की है, जब तरुण अपने एक मित्र से मिलने दुर्गा कॉलोनी की ओर जा रहा था। शांति पब्लिक स्कूल के पास वेल्डिंग दुकान वाली गली में आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट करते हुए स्कूल के पीछे खेत में ले गए। वहां बदमाशों ने लूटपाट के बाद एक लाख रुपये की मांग की। रकम न होने पर मोबाइल से बैंक बैलेंस चेक कर 50 हजार रुपये निकालने का दबाव बनाया गया।सूचना फैलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे बदमाश भाग खड़े हुए। इसके बाद घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का दावा है कि देर रात सात आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन आरोपियों की संख्या, पहचान और कायमी को लेकर पुलिस का रवैया अब भी रहस्यमय बना हुआ है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पीड़ित परिवार को ही पकड़े गए आरोपियों को लेकर संदेह है, तो सच्चाई आखिर कहां छिपी है? क्या यह मामला भी आंकड़ों और फाइलों में उलझकर रह जाएगा?फिलहाल इतना तय है कि यह घटना न सिर्फ बदमाशों के बेलगाम हौसलों को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि गुना में आम नागरिक, चाहे वह विदेश से आया हुआ ही क्यों न हो, खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा। कानून के दावे और जमीनी हकीकत के बीच की खाई इस वारदात ने एक बार फिर सामने रख दी है।



## हाथों में तलवार लिए घोड़ों पर सवार दिखी बेटियां

**धूमधाम से मना महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्मोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा शनिवार को अखंड भारत के महान योद्धा महाराजा खेत सिंह खंगार जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें खंगार समाज की गौरवशाली परंपरा और अदम्य साहस की झलक देखने को मिली।

नगर में गूंजा शौर्य, घोड़ों पर सवार दिखीं वीरांगनाएंमीडिया प्रभारी मोनू सिंह परिहार ने बताया कि चल समारोह का शुभारंभ होटल प्रेम श्री से हुआ। जुलूस रेलवे स्टेशन रोड, जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड और हनुमान चौराहा होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुआ। चल समारोह का मुख्य आकर्षण घोड़ों पर सवार युवतियां रहीं, जो पारंपरिक वेशभूषा में एक हाथ में धर्मध्वजा और दूसरे हाथ में तलवार थामे वीरता का परिचय दे रही थीं। बग्गी में महाराजा खेत सिंह जी की विशाल तस्वीर सुसज्जित की गई थी, जिसके आगे समाज के युवा धार्मिक भजनों और बैंड की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। इस भव्य जुलूस में समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

## गुना में कड़ाके की ठंड: न्यूनतम तापमान गिरकर 7.8 डिग्री पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में गुना जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान गिरकर 7.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस सीजन के सबसे कम तापमानों में से एक है। तापमान में गिरावट के साथ ही हवा में नमी (आर्द्रता) का स्तर 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे सुबह के समय घना कोहरा और भारी ओस देखी जा रही है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा।इससे पहले शुक्रवार को मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव बना रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस था। सुबह के समय आर्द्रता 87 प्रतिशत और शाम को 51 प्रतिशत दर्ज की गई थी। महज 24 घंटों के भीतर न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री की और गिरावट आने से रात और सुबह की ठिठुरन काफी बढ़ गई है।



## कुलदीप सेंगर की जमानत का गुना में विरोध एमएसएस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

उन्नाव दुष्कर्म मामले के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित कर उसे जमानत दिए जाने के विरोध में ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की जिला इकाई ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। संगठन की कार्यकर्ताओं ने पीड़िता और उसकी माँ के साथ दिल्ली में हुए व्यवहार की निंदा करते हुए कलेक्टर के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए जिला सचिव एडवोकेट सीमा राय ने कहा कि आरोपियों की रिहाई और उनका स्वागत किया जा ना न्यायपालिका और समाज के लिए चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि सरकार और स्थानीय प्रशासन पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संगठन ने जोर देकर कहा कि महिला अपराधों को रोकने के लिए कानून में कड़े सुधार और आरोपियों को उदाहरण मूलक सजा मिलनी चाहिए। देश में बढ़ती अश्लीलता, अपसंस्कृति और शराबखोरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ जनता से न्याय की रक्षा हेतु एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान उर्मिला, कल्पना, ललिता, रिंकी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।




## सफलता सुख की गारंटी नहीं, गुना पहुंचे मुनिश्री हार्दिक रत्न सुंदरसूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्वेताम्बर जैन समाज के सुप्रसिद्ध संत मुनि श्री विजय हार्दिक रत्न सुंदरसूरी महाराज का शनिवार सुबह गुना नगर में मंगल प्रवेश हुआ। नेपाल की हिमालयी कंदराओं में भगवान आदिनाथ की तपस्थली पर कठिन साधना पूर्ण कर अहमदाबाद की ओर विहार कर रहे मुनिश्री की हनुमान चौराहे पर समाज जनों ने आत्मीय अगवानी की। गाजे-बाजे के साथ निकाले गए जुलूस के बाद माथकरी कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री ने जीवन दर्शन पर सारगर्भित विचार रखे। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि जरूरी नहीं कि हर सफल व्यक्ति सुखी भी हो। उन्होंने आंतरिक शांति और संतोष को वास्तविक सुख का आधार बताया। गौरतलब है कि मु श्री ने नेपाल प्रवास के दौरान सैकड़ों लोगों को व्यसन मुक्ति का संकल्प दिलाकर जैन धर्म की प्रभावना बढ़ाई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष और वरिष्ठ श्रावक उपस्थित रहे, जिन्होंने मुनि श्री के दर्शन कर धर्म लाभ लिया।



**6 से 12 जनवरी तक होंगे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति और सेवा से जुड़े विविध आयोजन**

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर गुना में रेडक्रास मनाएगा सेवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जिला शाखा गुना द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिले भर में युवाओं, विद्यार्थियों, समाज के विभिन्न वर्गों एवं आमजन को जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति और सेवा से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सेवा सप्ताह की शुरुआत 6 जनवरी को गांधी वोकेशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता से होगी।

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भूपेन्द्र धाकरे एवं संजय राठी रहेंगे। 7 जनवरी को पी.जी. कॉलेज में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित संवाद कार्यक्रम, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक श्री आशीष मंगल एवं प्रदीप जैन होंगे।8 जनवरी को “स्वच्छ राष्ट्र, स्वस्थ समाज” थीम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वच्छता संदेश, पोस्टर प्रदर्शन एवं जनजागरूकता गतिविधियां शामिल रहेंगी।9 जनवरी को “स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत एवं नशामुक्त समाज” के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय गुना एवं ओमकार नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एल.के. शर्मा एवं संगीता सिंह भाटी रहेंगी।10 जनवरी को सेवा कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बाल सुधार गृह गुना में बाल संरक्षण अंतर्गत बच्चों हेतु सेवा कार्य किया जाएगा, जिसके संयोजक पं. नर्मदा शंकर भार्गव एवं अखिलेश विजयवर्गीय होंगे। इसी दिन आनंद धाम स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा का आयोजन किया जाएगा, जिसके संयोजक चन्द्रेश जैन एवं महेश अग्रवाल रहेंगे।11 को रेडक्रास भवन गुना में नेत्र परीक्षण शिविर संयोजक डॉ. एल.एल. धाकड़ तथा स्वास्थ्य शिविर संयोजक डॉ. रामवीर सिंह के संयोजकत्व में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जे.पी. यूनिवर्सिटी राधौगढ़ में रक्तदान जागरूकता अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके संयोजक डॉ सी.पी. लांगिया होंगे।सेवा सप्ताह का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के दिन रेडक्रास भवन गुना में किया जाएगा। समापन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रामवीर सिंह रहेंगे।रेडक्रास जिला शाखा गुना के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना तथा समाज में सेवा, स्वास्थ्य और जागरूकता की भावना को मजबूत करना है।



## समाचार संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट, 3 रोमांचक मुकाबले खेले गए

**आरोन।** राजा बलभद्र स्टेडियम में शहीद सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव एवं आरक्षक संतराम मीणा के बलिदान की पावन स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (द्वितीय संस्करण) पूरे जोश, उत्साह और खेल भावना के साथ लगातार जारी है। शहीदों को समर्पित इस आयोजन में गुना एवं अशोकनगर जिले की मजबूत जिला स्तरीय टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर काफी ऊंचा देखने को मिल रहा है।टूर्नामेंट को और अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष ट्रॉफी प्रवेश रघुवंशी, सरपंच पनवाड़ी हाट द्वारा तथा प्रतीक चिन्ह ममता राजू सोनी द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मैच प्रारंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" का सामूहिक गायन कर समस्त खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात मुख्य अतिथि रामभरोसा शर्मा, पूर्व सीएमओ साहब एवं समाजसेवी हीरा सोनी द्वारा दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराकर मुकाबलों की विधिवत शुरुआत कराई गई।आयोजकों के अनुसार, अब तक खेले गए तीनों मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। जिला स्तरीय सशक्त टीमों के बीच हुए इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को देर रात तक रोमांच से भरपूर क्रिकेट देखने को मिला। स्टेडियम में मौजूद खेल प्रेमियों ने हर चौके-छक्के और विकेट पर तालियों की गूंज के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।रात्रिकालीन टूर्नामेंट के अंतर्गत पहले मुकाबले में राहुल 11 गुना ने जामनेर महाकाल को कड़े संघर्ष के बाद पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में आरोन 11 ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गांधी 11 गुना को हराया। वहीं तीसरे मुकाबले में तहसील 11 आरोन एवं अर्पित 11 गुना के बीच खेले गए मैच में अर्पित 11 गुना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।शहीदों की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और समर्पण की भावना को भी मजबूत कर रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है।आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रात्रि दो और रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला एसबीएम स्कूल जगतपुरा क्लब एवं गरुन 11 के बीच, जबकि दूसरा मुकाबला शक्ति क्लब मरखेड़ा एवं गोल्डन 11 के बीच होगा।टूर्नामेंट के आयोजक नीतीश पटवा एवं अतुल रघुवंशी ने क्षेत्र के सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं और शहीदों की स्मृति में आयोजित इस खेल महोत्सव को सफल बनाएं।



### मां गोदावरी की परिक्रमा पूर्ण कर नर्मदा शंकर भार्गव का आरोन आगमन, प्रमोद सक्सेना चित्रांश ने किया स्वागत

**आरोन।** मां गोदावरी की पावन परिक्रमा पूर्ण करने के उपरांत श्रद्धालु नर्मदा शंकर भार्गव के आरोन आगमन पर नगर में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रमोद सक्सेना चित्रांश ने अपनी दुकान पर नर्मदा शंकर भार्गव का माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया एवं परंपरानुसार श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं।स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, आस्था और सौहार्द का वातावरण बना रहा। श्री सक्सेना ने मां गोदावरी की कृपा से यात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और नर्मदा शंकर भार्गव के स्वस्थ, मंगलमय जीवन की कामना की।



# मिट्टी से जुड़े रहकर ही हम देश की कर सकते हैं सेवा :डॉ माया परस्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

मिट्टी से जुड़े रहकर ही हम देश की सेवा कर सकते हैं और सरस्वती शिशु मंदिर इस कार्य को करने में अपना पूर्ण योगदान देता है डॉ माया परस्ते (शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य राघौगढ़) शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में फाउंडेशन स्टेज के भैया बहिनों का शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने भैया बहिनों के मानसिक, शारीरिक, बोद्धिक विकास के प्रदर्शन हेतु आज विद्यालय में शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती ,प्रणवाक्षर ओंम एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चंचल शर्मा दीदी (सेकेंडरी स्टेज प्रमुख एवं परीक्षा विभाग प्रमुख) ने अतिथि परिचय कराया। अतिथि परिचय के पश्चात कक्षा द्वितीय की बहिनों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार तिवारी ने रखी जिसमें उन्होंने शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के बारे में बताते हुए इन सभी का बालक के जीवन में पढ़ने वाले प्रभाव को भी समझाया साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों का इस उम्र में पढ़ने लिखने से ज्यादा सीखना अधिक महत्वपूर्ण होता है वह स्कूल के वातावरण में किस प्रकार से ढलते हैं, अपने आसपास के परिवेश में किस तरह से घुल मिल जाते हैं और खेल-खेल में बहुत कुछ सीखते हैं। इसके पश्चात नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां सभी के समक्ष क्रमशः प्रदर्शित हुई । नन्हे बाल कलाकारों को तालियों के साथ उत्साह वर्धित किया गया एवं उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को सराहा गया। नन्हे बाल कलाकारों की इन प्रस्तुतियों में नृत्य से लेकर कुछ संदेशदायक एवं शारीरिक व्यायाम श्रृंखला से संबंधित कार्यक्रम सम्मिलित रहे। इस अवसर पर लगभग 300 अभिभावक बंधु एवं माताऐं विद्यालय प्रांगण में भैया बहिनों के उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ माया परस्ते मैडम ने शिशु मंदिर को एक ऐसी संस्था की उपाधि दी जिसके अंतर्गत भैया बहिनों को संस्कार के साथ शिक्षा भी प्राप्त होती है साथ ही यहां से पढ़ने लिखने वाले भैया बहिन हमेशा अपने मिट्टी अपने देश से जुड़े रहते हैं उन्हें शिशु मंदिर में आकर अत्यंत ही गौरव का अनुभव हुआ एवं एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति हुई ऐसे अनुभव उन्होंने सभी के साथ मंच से साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही दीपशिखा वशिष्ठ दीदी (साडा शिशु मंदिर प्रधानाचार्य) ने समस्त माताओं को बसंत पंचमी के दिन सरस्वती शिशु मंदिर में होने वाले विद्यारंभ संस्कार की जानकारी बताते हुए यह समझाया कि सभी को अपने शिशु का विद्यालय जाने से पूर्व इस विद्यारंभ संस्कार को अवश्य करना चाहिए ताकि हमारे 16 संस्कारों में से एक संस्कार यह भी समय से पूर्ण हो सके ।इसके पश्चात फाउंडेशन स्टेज के भैया बहिनों द्वारा स्टॉल लगाई गई थी सभी अभिभावक बंधुओं एवं भैया बहिनों ने इस बाल मेला का आनंद लिया। अतिथियों एवं समस्त अभिभावक बंधुओं, माताओं का आभार मीना शर्मा दीदी ने व्यक्त किया। संचालन कक्षा दसवीं की बहिन दीपिका पारीक एवं तमन्ना प्रजापति ने किया ।शिशु नगरी कार्यक्रम का सफल आयोजन समस्त आचार्य परिवार एवं सेवक सेविकाओं के सहयोग से विद्यालय के प्राचार्य जी के मार्गदर्शन में हुआ। समस्त आचार्य परिवार पूर्ण मनोयोग के साथ पूर्ण समय कार्यक्रम में सम्मिलित रहा।



## गुना की बूढ़े बालाजी बस्ती में हिंदू सम्मेलन को लेकर दुर्गा मैदान में हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में प्रत्येक बस्ती एवं गांव में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला के अंतर्गत गुना नगर की बूढ़े बालाजी बस्ती स्थित दुर्गा मैदान, टेकरी रोड पर भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस भूमि पूजन के साथ ही हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम से पूर्व संपूर्ण बस्ती के नागरिक एकत्रित हुए एवं बूढ़े बालाजी मंदिर से विधिवत झंडा यात्रा निकाली गई। यह झंडा यात्रा बस्ती की सभी गलियों एवं मोहल्लों से होती हुई कार्यक्रम स्थल दुर्गा मैदान तक पहुंची। झंडा यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।झंडा यात्रा के उपरांत संत-महात्माओं के सान्निध्य में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात धर्मध्वज की स्थापना कर शंखनाद के साथ हिंदू सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर वातावरण पूर्णतः धर्ममय एवं उत्साहपूर्ण रहा।भूमि पूजन के पश्चात आयोजन समिति द्वारा आगामी जनसंपर्क एवं सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई, जिससे अधिक से अधिक समाजजन इस आयोजन से जुड़ सकें और कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सके।आयोजन समिति ने यह भी निर्णय लिया कि हिंदू सम्मेलन के अवसर पर लगभग 5000 धर्मालु बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी।कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य, स्थानीय गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित रहे।



## विराट हिंदू सम्मेलन के भूमिपूजन कार्यक्रम में उमड़ा जनसमूह

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर की महर्षि वाल्मीकि बस्ती एवं केशव बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भव्य भूमिपूजन, कलश यात्रा एवं ध्वजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, साधु-संत एवं धर्मप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात कलश यात्रा निकालकर धर्मध्वज की स्थापना की गई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। इस गरिमामय अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरोन खंड के माननीय संघ चालक श्री भगवानलाल शर्मा एवं मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल जी की विशेष उपस्थिति रही। दोनों वक्ताओं ने आगामी 11 जनवरी 2026 को आरोन नगर में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य, स्वरूप एवं तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी तथा समस्त हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया।



## पूर्व अध्यापन स्थल पर भावनात्मक पुनरागमन, कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए सर्वविषयक परीक्षा आयोजन

### स्मृतियों से संकल्प तकः पूर्व विद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

ज़िस विद्यालय में वर्ष 2008 से 2016 तक अध्यापन कार्य किया गया था, उसी विद्यालय में ( दो घड़ी के लिए) पुनः आगमन एक भावनात्मक स्मृति के साथ सामाजिक दायित्व का बोध भी बन गया। इसी भावना से प्रेरित होकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से पुरस्कारों से युक्त एक सर्वविषयक परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई है। यह परीक्षा मिडिल स्कूल (मात्र कक्षा 8 ) के विद्यार्थियों हेतु सभी विषयों को सम्मिलित करते हुए आयोजित की जाएगी।परीक्षा का संचालन इंजीनियर, शिक्षक एवं लेखक शंकराचार्यांश ब्रह्मानंद अक्षयरुद्र अंशभूतशिव द्वारा किया जा रहा है, जो अब तक 40 से अधिक पुस्तकों को लिख चुके हैं । उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 1 फरवरी 2026 को ग्राम पाडरखेड़ी, तहसील राघोगढ़, जिला गुना (मध्य प्रदेश) में आयोजित होगी। परीक्षा में केवल राघोगढ़ तहसील के कक्षा आठ के विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे। परीक्षा शुल्क को "स्वेच्छा के अनुसार" रखा गया है, जिससे आर्थिक कारणों से कोई भी विद्यार्थी इस शैक्षणिक अवसर से वंचित न रहे। स्वेच्छा से प्राप्त राशि का उपयोग व्यवस्था, प्रश्नपत्र निर्माण एवं परीक्षा संचालन हेतु किया जाएगा।परीक्षा की संरचना की बात करें तो इसमें 70 प्रतिशत प्रश्न वैकल्पिक (ऑब्जेक्टिव) तथा 30 प्रतिशत प्रश्न एक शब्द से लेकर एक वाक्य उत्तर पर आधारित होंगे। इसके अतिरिक्त लगभग 10 प्रतिशत प्रश्न धर्मग्रंथों (गीता आदि) से संबंधित होंगे, जो पूर्णतः सामान्य एवं विद्यार्थियों की बौद्धिक समझ के अनुरूप रहेंगे।मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था भी की गई है। 95 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2000, जबकि 90 से 94 प्रतिशत अंक लाने पर 1500 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं 50 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेरिट क्रम अनुसार 1000, 500, 250, 150 एवं 50 के पाँच पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।आयोजक ने बताया कि वर्ष 2011 में इसी प्रकार की एक निशुल्क परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, किंतु परीक्षा के दिन अपेक्षाकृत कम उपस्थिति के कारण प्रश्नपत्रों की छपाई में नुकसान हुआ था। इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार यह निर्णय लिया गया है कि विद्यार्थी स्वेच्छा के अनुसार प्रतीकात्मक राशि जमा करें। ताकि केवल गंभीर एवं इच्छुक विद्यार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हों।विस्तृत जानकारी हेतु मिडिल स्कूल के शिक्षकगणशंकराचार्यांश ब्रह्मानंद अक्षयरुद्र अंशभूतशिव से संपर्क कर सकते हैं।

## आयुक्त ग्वालियर संभाग ने योजनाओं की समीक्षा कर वर्चुअल बैठक में निराकरण के निर्देश दिए

**अशोकनगर।** शनिवार को आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये।

उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा मार्केटिंग,खाद वितरण हेतु ई-टोकन प्राणली, उर्पाजन, कामधेनू योजना तथा एक बगिया मॉ के नाम विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य पोषण के संबंध में जिला चिकित्सालय में बैठकों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सिकल सेल, एनआरसी में बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। रोजगार उद्योग निवेश के संबंध में जिले में उद्योगों के लिये भूति हस्तांरण,एक जिला एक उत्पाद,जियो टैग,ब्राडिंग ,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना,उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये गए। नगरीय विकास के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कालोनी की निगरानी समिति की बैठकें आयोजित किये जाने निर्देश दिये गए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सुंगम यातायात, यातायात हेलमेंट अभियान, वायु गुणवत्ता सुधार ,आवरा मवेशियों के संरक्षण तथा पीएम स्वनिधि के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नामातरण, बटवारा,सीमाकन के प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शाला त्यागी बच्चों का शालाओं में प्रवेश की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने शालाओं का निरीक्षण किये जाने,स्मार्ट कक्षाएं लागाये जाने,आरक्षित वर्ग के छात्र छात्राओं को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति तथा ई- उपस्थिति की जानकारी लेकर विस्तृत निर्देश दिये गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत बी.वी.जी.राम जी योजनांतर्गत श्रमिकों की ई-केवायसी,नल जल योजना के निरीक्षण के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर आदित्य सिंह,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं राजेश कुमार जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।



## पशु तस्करी के कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा नेशनल हाईवे 346 ए
# ट्रक में भरी थीं 26 भैंसें, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात बंगला चैराहा और घाट बमूरिया के बीच 26 भैंसों से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ये भैंसें विदिशा के सिरोंज से उत्तर प्रदेश के झांसी-आगरा ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिरोंज निवासी खल्ली उर्फ खल्ला खान (38) और मुरैना के कैथरी निवासी टिंकू उर्फ रामनिवास गुर्जर (22) के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को ट्रक आने की सूचना मिली थी। इसके बाद, रात करीब 3 बजे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीई 2872 को रोका गया। जांच करने पर उसमें भैंसें भरी मिलीं पुलिस ने तुरंत ट्रक को जब्त कर लिया और बहादुरपुर लेकर आए जहां भैंसों को थाना परिसर में उतारा गया। सुबह तक सभी भैंसों को थाना परिसर में ही रखा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।



### लंबे समय से हो रही तस्करी

नेशनल हाईवे 346 ए के नव निर्माण से उत्तर प्रदेश के कानपुर और झांसी जैसे शहरों की भोपाल सिरोंज और विदिशा से यातयात सुगम हुआ है। यह रास्ता पशु तस्करी के एक कॉरिडोर के तौर पर भी विकसित हो रहा है। इसका उदाहरण बीते दो तीन वर्षों में बहादुरपुर, मुंगावली, पिपरई, सहराई और चंदेरी थानों में अलग अलग समय पर पकड़े भैंसों से भरे हुए ट्रकों से मिलता है। असल में सिरोंज और भोपाल स्थानीय क्षेत्र में भैंसों और पड़े के बड़े व्यापारियों के गढ़ हैं, जिनकी कनेक्टिविटी झांसी और कानपुर के बड़े बड़े चमड़ा और मीट व्यापारियों से है। भैंसों की तस्करी की आड़ में गौवंश की तस्करी भी की जाती है, चूंकि मांस और चमड़े के लिए भैंसों की खरीद फरोख्त गैर कानूनी नहीं है, इसलिए मामूली जुर्माने के बाद यह लोग बच निकलते हैं, पुलिस द्वारा भी केवल पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज किया जाता है।

## जल संचय अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी नदी पर किया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् ब्लॉक अशोकनगर के सेक्टर क्र 3 की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता बृद्धि प्रक्षिक्षण कार्यक्रम एवं जल संचय अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी नदी के कंजी घाट पर जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव एवं बलवीर सिंह यादब मास्टर ट्रेनर संस्कार केन्द्र संस्था के अध्यक्ष कुमार संभव की उपस्थिति में बोरी बन्धन किया गया ।

ब्लॉक समन्वयक यादव ने कहा कि परिषद का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समस्त प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुँचे। अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चैपाल, सामूहिक श्रमदान और गतिविधियों का आयोजन होगा जिसमें पर्यावरण का संरक्षण जल संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर बल, जैविक कृषि एवं गौ- संरक्षण, शिक्षा संपन्न और संस्कारवान समाज, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज आदि विषयों को सम्मिलित किया जावेगा। इस अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की प्रस्फुटन समितियाँ, नवांकुर संस्थायें, सी एम सी एल डी पी के विद्यार्थी एवं परामर्शदाता, परिषद् से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थायें, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों द्वारा सहभागिता की जावेगी। इस अवसर पर समितियो के अध्यक्ष सन्दीप सोपरा तुमेंन, विकाश शर्मा भोरा खाती, नरेंद्र बंजारा जुगया, परमाल सिंह महुआ खेडा झागर अवतार सिंह पूर्व सरपंच अरुण जेन परामर्श दाता सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।

### प्राचीन नगरी कदवया के निकट पचराई तीर्थ क्षेत्र में मेला महोत्सव का आयोजन
# हमें सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध विरासत मिली है भारत का इतिहास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैः मुनिश्री सुधासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

हमें सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध विरासत मिली है भारत का इतिहास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है कभी सांस्कृतिक दृष्टि से कभी धार्मिक दृष्टि से और समारिक दृष्टि से हमें आगे बढ़ रहे हैं हमारे यहां वृद्ध सेवा को सर्वोच्च माना गया है वहीं विदेशों में सिर्फ उपयोग है विदेशी व्यक्ति की जैसे जैसे उम्र बढ़ती जाती है वे यूज लेस होते जाते हैं उनको उनके ही लोग छोड़ देते हैं उसे कोई चाहत ही नहीं उन्हें वृद्ध आश्रम में भेज देते हैं जहा वे अवसाद की ज़िंदिगी जीने के लिए मजबूर हो जाते हैं भारतीय संस्कृति में जो जितना उम्र राज होता जाता है उतना ही पूज्यनीय होता जाता है भारतीय दर्शन में उसे शुभ सगुन माना जाता है उक्त आश्य केउद्गार प्राचीन नगरी कदवया के निकट पचराई तीर्थ क्षेत्र में मेला महोत्सव को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

**पांडाशाह द्वारा वशाया गया पचराई तीर्थ क्षेत्रः** इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि पढाशाह दारा वसाये और स्थापित किये गये अति प्राचीन तीर्थ क्षेत्र श्री पचराई तीर्थ पर आज मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसे परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ का सान्निध्य मिलने जा रहा है इस दौरान महामंत्री डॉ चक्रेश जैन ने कहा कि आगामी दिनों में तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में भव्य पंच कल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है आप और हम सब मिलकर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने जा रहे हैं इसके पहले अशोक नगर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि अशोक नगर चातुर्मास के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने हर समारोह को अभूतपूर्व वनने में बहुत बड़ा योगदान दिया है हम उनका आभार व्यक्त करते हैं और हमारे ज़लि वह लगातार व्यवस्थाओ को बनाये हुए हैं मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हम आपके चरणों में आभार व्यक्त क्या करें वस इतना निवेदन करना चाहते हैं हमे आगे भी अवसर मिलते रहे इस दौरान नीलेश बड़कुल नितिन वज अक्षय अमरोद सार्थक जैन सहित अन्य प्रमुख जनो ने श्री फल भेंट किये

**वृद्धजन जितने उम्र दराज होंगे उतने ही अधिक मांगलिक होंगेः** उन्होंने कहा कि हमारे यहां जितना बुढ़ा हो उस व्यक्ति का आशीर्वाद मिले उतना ही मंगल हो जाता है सौ साल से अधिक उम्र में कोमा में भी पड़ा है तो भी वह मांगलिक है आज हमारे यहां भी पश्चिम की हवा आने लगी है आज कुछ लोग हमारे यहां भी वृद्ध माता-पिता को भार मान लिया तो आपकी जिंदगी बहुत अभिषप्त हों

वच्चो को गोद लेना तो तुम्हारा स्वार्थ है और वृद्ध माता-पिता को गोद लेना परमार्थ है आचार्य भगवंत ज्ञानणा में कहा गया कि अपनों से छोटों की सेवा करना तो व्यवहार है वृद्ध सेवा के लिए ढूंढ कर सेवा करना हमारे आचार्य भगवंत के गुरु देव तो वयोवृद्ध थे जिस तरह से आचार्य महाराज ने आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की सेवा की वह एक नजीर वन गई जिस घर एक वृद्ध होगा उस घर में मंगल ही मंगल होगा जितना वृद्ध असमर्थ हो उतना ही मांगलिक होगा तुम उसे भार मानते हो उसे भार मत मनना एक विदेशी से मैंने पूछा आप लोग यहां क्या देखने आते हैं तव वह विदेशी कहता है यहां तीर्थ बहुत कम थे जहां भगवान का जन्म होता है वहीं तीर्थ कहते हैं तीर्थ तो वहीं है जहां भगवान के पंच कल्याणक मनाये जाये वहीं तीर्थ हो जाता है।





**खबर संक्षेप**

### जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट की

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी रामसिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण कुशवाह, अशोक, अजय और अनीता बाई कुशवाह ने जमीन के बटवारे को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी अनीता धुर्रेंटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से नीतेश,गेंदाबाई और मोतीलाल धुर्रेंटे ने दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया।

### डीजे पर अश्लील गाना व नृत्य कराने पर केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी विक्रम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करीला माता मंदिर के सामने अज्ञात आरोपी के द्वारा डीजे पर अश्लील गाना बजाकर व नृतिकाओं का नृत्य कराकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### पिपरई तहसीलदार अनीश धाकड़ को पितृ शोक

**पिपरई।** तहसीलदार अनीश



धाकड़ के पिता महेश चन्द्र धाकड़ का निधन हो गया है तहसीलदार के पितृ शोक होने के बाद अनेक लोगों ने उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं और श्रंद्धाजलि दी गई है।

### सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**अशोकनगर।** शनिवार को सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें वर्ष 2026 की अध्यक्षा अंजना दुबे उपाध्यक्ष रानी राजोरिया से उपाध्यक्ष रुचि शर्मा सचिव वंदना पाराशर कोषाध्यक्ष रीना बुधौलिया, पीआरओ मोनिका उपाध्याय, रीता बिरथरे मीडिया मोनिका पाठक को बनाया गया है। समाज के उत्थान के लिए अपने सेवा कार्य कार्यों जैसे निर्धनों को भोजन आदि सेवा करती है।

### विधायक और पुलिस की तत्परता से 35 मजदूर सुरक्षित लौटे

# महाराष्ट्र में बंधक मजदूरों की सकुशल संभव हुई घर वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

महाराष्ट्र में ठेकेदार द्वारा बंधक बनाए गए अशोकनगर जिले के मजदूरों की सकुशल घर वापसी हो गई है। यह सफलता स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के हस्तक्षेप और पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संभव हो पाई।

स्थानीय सरपंच द्वारा मजदूरों के बंधक होने की जानकारी पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा से चर्चा की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मजदूरों को तत्काल मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक अरविन्द सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव द्वारा मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। मजदूरों ने बताया कि वे लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व रोजगार के लिए महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के शेलगांव गए थे जहां उनसे सुबह से देर रात तक काम कराया जा रहा था तथा उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था। प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते वे घर लौटने में असमर्थ थे। पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सोलापुर जिले के अधिकारियों से समन्वय कर विशेष प्रयास किए गए जिसके फलस्वरूप शनिवार को शेलगांव क्षेत्र में कार्यरत लगभग 35 महिला, पुरुष मजदूर एवं बच्चे सकुशल अपने घर लौट आए।

#### घर लौटने वाले मजदूरों के नाम

शिशुपाल, नंदराम, दोला, रमेश, अनीता बाई, मल्ला, शीलवती, अनीता, राजकुमार, गनेश, गोविन्द, चंदन, मीलसिंह, माखन, राजबाई, हजरत, रानीबाई, फूलबाई, प्रदीप, कमलसिंह, कल्लू, पानबाई, अरविन्द सिंह, मानक, राजकुमारी, निखिल, महाराज, मोहरबाई, शिवराज, गंगाराम, शैलेन्द्र, धनीराम, सोनम, मुकेश कृ सभी निवासी ग्राम जारोली बुजुर्ग, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर इसके अतिरिक्त राजकुमार निवासी ग्राम आक्सी चक्क, थाना बहादुरपुर भी सकुशल वापस लौटे हैं।

#### पुलिस अधीक्षक ने कहा

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सूचना प्राप्त होते ही मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है अशोकनगर पुलिस सदैव जनहित एवं मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुलिस ने 60 हजार का डेढ़ किलो गांजा किया जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चन्देरी निरी प्रशांत यादव द्वारा 01 किलो 600 ग्राम सूखा गांजा किमती करीबन 60,000 रूपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर को थाना चन्देरी अंतर्गत मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि कदवाया तरफ से एक व्यक्ति अपनी मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ गांजा व्रिकी करने हेतु चंदेरी तरफ आ रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पिछोर रोड बायपास पर चैंकिग की कार्यवाही की गई जिसमें आरोपी चंद्रभान सिंह बाबा पुत्र मोतीलाल लोधी निवासी ग्राम टोरिया तहसील बदरवास जिला शिवपुरी के कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम सूखा गांजा कीमती करीबन 60 हजार को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसमें थाना प्रभारी चन्देरी निरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, उनि. कदम सिंह मीणा, उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव, उनि. अवधेश गोड़, प्रआर. आनंद सिकरबार, आर. योगेन्द्र सिंह रघुवंशी आर. सतीश वर्मा आर. आनंद सिंह राजपूत, आर. ज्ञान सिंह लोधी, आर. विश्वनाथ राजावत की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

## आज़ाद खान की क्रेडिट सोसाइटी पर मंत्री सारंग का एक्शन

### तत्काल वित्तीय ट्रांजैक्शन बंद करने के दिए निर्देश

**अशोकनगर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अशोकनगर में सट्टा संचालन एवं अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आजाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने आजाद खान की केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित, वार्ड क्रमांक 10, अशोकनगर की सभी वित्तीय ट्रांजेक्शन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कर 07 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यदि किसी भी स्तर पर दोष सिद्ध होता है, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब तक आजाद खान की ज्ञळछ साख सहकारी संस्था मर्यादित के सभी तरह के वित्तीय लेनदेन पर रोक रहेगी। जानकारी के अनुसार आजाद खान के विरुद्ध सट्टा संचालन सहित अन्य आपराधिक मामलों में पहले से कार्रवाई चल रही है तथा वह वर्तमान में जेल में बंद है। अवैध आर्थिक गतिविधियों के संदेह के चलते संबंधित क्रेडिट सोसायटी की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई गई है।

### परिसर में मंडी प्रशासन की ओर से एक मात्र कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंक न होने से भुगतान में भी देरी

# आवक से गुलजार कृषि मंडी, अव्यवस्थाओं से परेशान हो रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में करीबन पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई कस्बे की कृषि उप मंडी इन दिनों आवक से गुलजार है। लेकिन मण्डी में अव्यवस्थाओं से किसान परेशान हो रहे हैं मण्डी परिसर में केवल धूल ही धूल है, न पीने के लिए पानी, न बैठने के लिए छांव, और तौल के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। वहीं मंडी में प्रशासन की ओर से एक मात्र कर्मचारी है, साथ में राष्ट्रीय कृत बैंक न होने से भुगतान में भी देरी हो रही है।

बीते दो ढाई महीने से उप मंडी में औसतन प्रतिदिन पांच हजार बोरी उपज की आवक हो रही है जो कि मुंगावली मंडी से भी अधिक है किंतु यहां की सुविधाओं पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां आने वाले किसानों को इन अव्यवस्थाओं से हर दिन दो चार होना पड़ रहा है। बताया गया है कि परिसर में सबसे बड़ी समस्या धूल की है। जब परिसर की सीसी कराई गई थी, तब ही स्थानीय लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। दो बार इस निर्माण की जांच भी हुई लेकिन सब कुछ रफ़ा दफा कर दिया गया। अब वाहनों की आवाजाही से सीसी पूरी तरह से उखड़ गई है और परिसर में धूल ही धूल पसरी रहती है। वाहनों के आने जाने से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। दूसरी प्रमुख समस्या पेयजल की है। यहां की प्याऊ तक पाइप पहुंचाने वाले पाइप जगह जगह से टूट गए हैं। अब प्याऊ पूरी तरह से बंद हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए मंडी कर्मचारियों ने कुछ कैन रख दी हैं और एक टंकी रखी हुई है। मंडी व्यापारियों को फड़ आवंटित नहीं होने से उन्होंने कृषक विश्राम गृह से लेकर छतरियों तक कब्जा कर रखा है। जिससे किसान आराम करने के लिए भी परेशान रहते हैं। किसानों का कहना है कि मंडी में तौल कांटा नहीं होने से एक से दो किलोमीटर दूर धर्मकांटा कराने जाना पड़ता है। इसी तरह कस्बे में कोई राष्ट्रीय कृत बैंक शाखा नहीं होने से किसानों को भुगतान में देरी होती है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों को कई बार भुगतान मिलने में रात हो जाती है।

#### एकमात्र नाकेदार की तैनाती

उप मंडी में व्यवस्थाओं के लिए मंडी प्रशासन द्वारा केवल एक नाकेदार की तैनाती कर रखी है। इसके अलावा एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी और दो गार्ड हैं। जिसके कारण डाक बोली में देरी और उपज की सुरक्षा की स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि नाकेदार द्वारा व्यवस्थाएं बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है लेकिन मुंगावली मंडी समिति द्वारा अतिरिक्त कर्मचारी नहीं भेजे जा रहे हैं।

#### हम्मालों और तुलावटों के भी पंजीयन नहीं

उप मंडी में बीते पांच वर्ष से लगातार आवक बढ़ रही है। वर्तमान में यहां करीब तीन सौ हम्माल और तुलावटी कार्यरत हैं। जिनका अब तक कोई पंजीयन नहीं हुआ है। जिससे श्रमिक कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वह बीते कई वर्षों से इनके पंजीयन की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने जन आक्रोश रैली में मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** अशोकनगर में अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के नागरिकों से संबंधित मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाई गई, यह रैली अस्पताल चैराहे से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश इटोरिया के साथ, आयोग के पूर्व सदस्य प्रदीप अहिरवार, विधायक हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

#### ज्ञापन में मांगों के बिन्दु

-शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ का नामकरण संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। राज्य शासन से अनुरोध है कि उक्त नामकरण को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

- शहीद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव की प्रतिमा अशोकनगर निवासी वीर सपूत, सब-इंस्पेक्टर शहीद राजकुमार जाटव के सम्मान में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की कृपा की जाए।

-जिले में निर्मित अंबेडकर भवनों को अनुसूचित जाति/जनजाति समाज के लोगों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए।

-आदिम जाति कल्याण विभाग अशोकनगर द्वारा निर्धारित केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित योजनाओं का वास्तविक लाभ गरीब एवं वाचत वर्ग के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

-डी.पी. अनुदान की स्वीकृति विगत तीन वर्षों से लंबित पडी है, जिसे शीघ्र स्वीकृत किया जाए।

-अनुसूचित जाति जनजाति की जिला संयोजिका द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही की रही है विगत दो वर्षों में इनके कार्यों की विस्तृत जाँच की जावे एवं इनकी नियुक्ति संबंधि प्रमाण पत्रों की जाँच कराई जावे।

-अनुसूचित जाति/जनजाति के गरीब एवं वंचित लोगों को जिन भूमियों के पट्टे स्वीकृत हो चुके हैं उनका आज दिनांक तक अमल नहीं किया गया है। तत्काल कार्यवाही की जाए।

-कानूनी कार्यवाही में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जाता है इसे समाप्त करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाए।

-पुलिस थानों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को एफ.आई.आर. दर्ज कराने में अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसे महादान कहा**

# साहिबजादों की शहादत को लेकर सिख समाज ने 121 यूनिट रक्तदान किया

**अशोकनगर।** साहबजादों की शहादत वीरता और प्रेरणादायिक इतिहास से प्रेरित होकर सिख समाज द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला और पुरुषों ने भाग लिया और स्वेच्छा 121 यूनिट रक्तदान किया।

यह रक्तदान करने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया जिसमें एक ही परिवार के अनेक एक लोगों ने रक्तदान किया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि वह 112 बार रक्तदान कर चुके हैं। कुकरेटा, महोली और पवारगढ़ परिवार की ओर से 13 सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान के लिए जिला





अस्पताल अशोकनगर की ओर से भी विशेष इंतजाम किए गए थे रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसे महादान कहा गया है यह रक्त किसी की भी जान बचा सकता है किसी को भी नया जीवन दे सकता है। इसी भावना को ध्यान में रखकर इस रक्तदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया

## पिपरई रोजगार शिविर में भर्ती अभियान



**पिपरई।** पिपरई क्षेत्र में रोजगार शिविर में एक विशेष अभियान का आयोजन हुआ, इस अभियान मे पिपरई के अलाबा बिभिन्न गाँव के अभ्यर्थी शामिल हुए। इस शिविर में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपर बाइज़र, के पदों की भर्ती की जाएगी। भर्ती ऑफिसर हरेंद्र अहिरवार ने बताया कि यहां पर सुरक्षा भर्ती के लिए 70 अभ्यर्थी आये जिसमे हमने सुरक्षा जवान में 25 लड़कों का सिलेक्शन किया एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 05 लड़कों का सेलेक्शन किया गया वीडियो ऑफिसर के लिए 02 लड़के सिलेक्शन किया गया.यह रोजगार का बढ़िया अबसर है जिसमे यह भर्ती प्रिकिया जिले के 28 दिसम्बर को बहादुरपुर, 29 दिसम्बर को अशोकनगर मे होगी जिसमे अभ्यर्थी रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# लगान क्रिकेट क्लब मैत्री कप सीजन 5 हुआ शुरू, कई टीमें ले रही हैं भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का भव्य शुभारंभ हो चुका है। सीजन 5 का शुभारंभ एसडीएम सुब्रता त्रिपाठी और तहसीलदार अशोकनगर भारतेंदु यादव द्वारा किया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सद्भावना मैच में तीन मुकाबले खेले गए ।

पहला मैच राजस्व 11 और पत्रकार 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार 11 ने निर्धारित 10 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खड़ा 53 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्व लेने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। दिन के दूसरे मैच में पुलिस विभाग 11 और नगर पालिका 11 के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस विभाग ने निर्धारित 10 ओवर में 91 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नगर पालिका 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए इस मैच के मैन ऑफ द मैच आईपीएस परमार रहे जिन्होंने पुलिस 11 की जीत में महत्वपूर्ण 42 रन बनाएं। दिन के तीसरे और फाइनल मैच में राजस्व विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 102 रन बनाए जिसमें गौरव त्यागी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 बालों पर 50 रन बनाए पुलिस 11 का पीछा करते हुए मात्र 14 रन से मैच हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे। आज के कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका में रहे आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल धकाते सर, संजू दैलवार, जगभान यादव, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र अहिरवार, गौरव त्यागी, विनोद बेरसिया, राजदीप सिंह, जेपी पाजी, पुलिस विभाग से रावतसर, पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी, जसप्रीत जस्सी,विवेक खरे, आदि मौजूद रहे एवं लगान कमेटी सभी दर्शकों का एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक बंधन अभिनंदन करती है। आज से लीग मैच स्टार्ट होंगे जिसमें पहला मैच ग्रुप बी का राक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल और बालाजी 11 के बीच सुबह 10:00 बजे खेला जाएगा। दिन का दूसरा मैच ग्रुप ए से बीबीसी चंदेरी और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच खेला जाएगा। इसी क्रम में दिन का अंतिम और तीसरा मैच ग्रुप बी का किंग्स ऑफ़ आवरी सरपंच 11 और रक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल के बीच खेला जाएगा।


### निर्भय सागर महाराज ने अपने आशीष वचनों में दी नसीहत

# हिंदू समाज कई भागों बंटा है, आज लोकतंत्र में राजनीति आ गई, जिससे राजनेता एक दूसरे की खींचते रहते हैं टांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

शनिवार को आचार्यश्री निर्भय सागर का राजपुर नगर में मंगल प्रवेश हुआ। जहां सभी नगर वासियों ने पूरे नगर में रंगोली बनाकर, गाजे बाजे के साथ, जगह जगह आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन किया। रामलीला मैदान में ग्राम के सरपंच, पुलिस विभाग के पदाधिकारियों ने एवं नगर के सभी श्रृद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने एवं आसपास के नगरों से पधारकर से सभी ने श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आचार्यश्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा हिन्दू अल्पसंख्यक हैं क्योंकि हिन्दू समाज कई भागों में बंटी है। आज लोक तंत्र में राजनीति आ गई है जिसके कारण आज राज नेता एक -दूसरे की टांग खींचते हैं। यदि लोकतंत्र में लोकनीति रहे तो अच्छा रहेगा। आचार्य श्री ने कहा 100 साल में हिन्दू समाज नष्ट हो जायेगा क्योंकि पति-पत्नी दोनों मिलकर एक बच्चे को जन्म देते हैं ऐसी स्थिति में 25 साल बाद 80



करोड़ से 40 करोड़ रह जाएगी। फिर 40 करोड़ लड़के लड़की पेअर बनाकर एक बच्चा पैदा करेंगे तो 50 साल बाद 20 करोड़ हिंदू हो जायेंगे 75 साल में 10 करोड़ और 100 साल में 5 करोड हिंदू रहे जाएंगे क्योंकि जब दो मारेंगे और एक बच्चे को जन्म देंगे। हर 100 बच्चों में चार बच्चे विकलांग रोगी होकर मर जाते हैं और 100 जोड़े में दो जोड़े ऐसे होते हैं जो निसंतान होती हैं ऐसी स्थिति में 5 करोड़ भी हिन्दू की जनता समाप्त हो



जाएगी। अतः फिर हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कहां रहेगी। यह सोचनी विचारणीय बात है।

आचार्य श्री ने कहा 80 प्रतिशत हिंदू 20 प्रतिशत बच्चों को जन्म दे रहे हैं और 20 प्रतिशत मुसलमान 80 प्रतिशत बच्चों को जन्म दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में 50 साल बाद यह भारत देश हिंदू राष्ट्र न रहकर इस्लामिक स्टेट बन जाएगा। आज के हिंदू नव युवक युवतियां मद्यपान एवं नशीले पदार्थों में डुबकी लगा रहे हैं इसलिए वह अपना और देश का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। युवाओं को चाहिए कि वह ऐसे व्यसनों से दूर रहे। आज की जिंदगी बोतल से प्रारंभ हो रही है और बोतल पर ही समाप्त होती है क्योंकि बच्चे जन्म लेते ही दूध की बोतल पीते हैं, उसके बाद लिम्का कोको कोला की बोतल फिर शराब की बोतल उसके बाद बीमार पड़ने पर ग्लूकोज और खून की बोतल चढ़ती है ओर आखिर में मर जाते है और मरघट में मिट्टी के तेल की बोतल डालकर आग लगा देते हैं बोतल देश को बर्बाद कर रही है इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

## तीन साल से कक्षा 6 में पढ़ने को मजबूर छात्र पवन, 2 बार हो चुका है फेल

एक छात्र के लिए मिडिल स्कूल से 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वालों के वेतन का हो रहा आहरण

# शिक्षकों की अनदेखी ने विद्यार्थी के 3 कीमती साल किए बर्बाद !




**मुकेश कुमार शर्मा ▶▶ ब्यावरा**

शासकीय विद्यालय जिरियाखेड़ी में शिक्षकों की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जहां पर एक नियमित छात्र लगातार तीन वर्षों से एक ही कक्षा में पढ़ने को मजबूर है। परिजनों का आरोप है कि समय रहते छात्र की पढ़ाई पर न ही तो शिक्षकों ने ध्यान दिया और न ही समय पर उसकी शैक्षणिक कमजोरी को ही दूर करने के लिए प्रयास किए गए। मामला जीरापुर ब्लॉक के गोघटपुर संकुल के जिरियाखेड़ी गांव के मिडिल स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ने वाला छात्र पवन वर्मा का है जो पिछले 2 सालों से फेल हो रहा है और हैरत की बात है कि वहां के शिक्षकों पर असर तक नहीं पड़ा। जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल में तीन शिक्षकों के होते हुए भी एक छात्र का भविष्य भी नहीं संवार पाए। 2023-24 से शिक्षकों ने अपना अटैचमेंट करवाकर अपना उल्लू तो सीधा कर लिया परंतु पवन के भविष्य के 3 अनमोल साल खा लिए।

### निकलता है 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वाले का वेतन

इसको शिक्षा विभाग की बिडम्बना ही कहा जाए की जहां कलेक्टर परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ शिक्षक मिलकर भी एक छात्र के भविष्य का निर्माण नहीं कर पा रहे, और न ही मांगने पर छात्र की टीसी ही दे रहे। टीसी न देने के पीछे का कारण क्या समझा जाए जबकि जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल से मात्र इसी छात्र की बजह से 3 शिक्षकों के साथ मध्यान्ह भोजन बनाने वाले का वेतन का आहरण हो रहा है।

### छात्र को छोड़ा भगवान भरोसे

2023-24 में पवन ने जैसे ही 6वीं कक्षा में प्रवेश लिया वैसे ही पहले रीना विश्वकर्मा का अटैचमेंट दूसरी जगह हो गया । फिर जिरियाखेडी मिडिल स्कूल की कक्षा 6 को पढाने बचे दो शिक्षकों ने भी नवंबर 2024 में दूसरे स्कूलों में अटैचमेंट करवा लिया। परिणाम यह निकला की विद्यार्थी पवन वर्मा को नबंवर 24 के बाद पढाने वाला कोई शिक्षक था ही नहीं। प्रायमरी शिक्षकों के भरोसे उसे 6 वी में पढ़ने छोड़ दिया। इसके बाद 2025-26 के सत्र में बद्रीलाल दांगी शिक्षक के आने के बाद वह अपनी पढ़ाई कर रहा है परंतु शिक्षकों की कार्यशैली ने मासूम छात्र के 3 साल अंधेरे गर्त में झोक दिए।

### इनका कहना है...

मैं इसी शैक्षणिक सत्र में आया हूं, इसके पहले का मुझे ज्यादा कुछ पता नहीं है। अभी वर्तमान में एक ही बच्चा अध्यनरत है।
**बद्रीलाल दांगी, शिक्षक मिडिल स्कूल जिरियाखेड़ी**

शैक्षणिक व्यवस्था के कारण ऐसा किया गया। अबकी बार उसके रिजल्ट में सुधार आ जायेगा।
**गजेंद्र शर्मा, बीआरसी जीरापुर**

भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे प्रोजेक्ट का मामला, प्लॉट मालिक पशोपेश में

# रेलवे की जद में आए हेडगेवार कॉलोनी के मकान तोड़ना शुरू



**राजगढ़।** बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे का काम क्षेत्र में घ्रुत गति से चल है। राजगढ़ मुख्यालय की हेडगेवार कॉलोनी के 9 पक्के मकानों सहित कई प्लॉट इसकी जद में जद आए थे। इन सभी नौ मकानों को रेलवे ने शनिवार से तोड़ने की कार्यवाही आरंभ की है। सभी नौ मकान मालिकों को पूर्व से नोटिस देकर उन्हें अवगत कराया गया कि किसे कितना मुआवजा मिलेगा। इसके बाद यह कार्यवाही आरंभ की गई है। हालांकि, इन मकानों के मालिक भू-अर्जन प्रक्रिया के तहत मिलने वाले मुआवजा राशि से संतुष्ट नहीं हैं। सभी का कहना है कि प्रशासन ने नियमानुसार मुआवजा वितरण प्रक्रिया नहीं अपनाई है।

### प्लॉट मालिक अभी तक इंतेजार में

प्रशासन ने भलेंही हेडगेवार कॉलोनी में पूर्व से बने एक मंजिला, दो मंजिला मकानों के लिए भू-अर्जन राशि का निर्धारण कर लिया है लेकिन प्लॉट मालिकों को अभी तक प्रशासन की तरफ से किसी तरह का कोई नोटिस या मुआवजा राशि दिए जाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्लॉट धारकों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में दोहरा मापदंड अपना रहा है। जब मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा रहा है तो प्लॉट मालिकों को आखिर क्यों मुआवजे से वंचित रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्षों पहले जब हेडगेवार कॉलोनी को विकसित किया गया था तब यह यह भूखंड पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री करवाकर कॉलोनी बनाई गई थी। ऐसे में शुरू से ही इस कॉलोनी के मकान मालिक एवं प्लॉट धारक प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करते आ रहे हैं।

## आपसी सहयोग से 113 बेडशीट सिविल अस्पताल को डोनेट की

**ब्यावरा।** स्वास्थ्य विभाग में आए दिन कमियों का बोल बाला रहा है। कभी ब्लड डोनेट कैंप लगवाकर कभी अन्य सोर्स से सामान पहुंचाकर मरीजों के लिए भावाशाह मिल ही जाते हैं। हाल ही में ब्यावरा सिविल अस्पताल में मरीजों को बेडशीट के लिए परेशान होते देखा तो अस्पताल के ही स्टॉफ ने आपस में मिलकर 113 बेडशीट अस्पताल अधीक्षक को सौंप दी। आने वाले समय में अब मरीजों को बिना बेडशीट के नहीं रहना पडेगा। उल्लेखनीय है कि कई बार मांगने पर भी स्वास्थ्य विभाग इनकी आपूर्ति समय पर करने मे असमर्थ दिखा जिसक चलते स्टॉफ ने यह निर्णय लिया।




संतश्री ने पूर्व से ही बता दिया अपने मोक्ष का दिन व समय

# हरिओम तत्सतजी महाराज के निर्वाण दिवस पर शोभायात्रा आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री हरिओम तत्सत महाराज की पुण्यतिथि पर 28 दिसम्बर को शोभायात्रा और चरण पूजा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के आनंद त्रिपाठी ने बताया कि यह शोभायात्रा रविवार 3 बजे नगर के बड़ा सत्यनारायण मंदिर से आरंभ होगी इसके साथ ही चरण पादुका पूजन का कार्यक्रम भी रखा गया है। आपको बतादें कि नगर में प्रख्यात संत श्री हरिओम तत्सत जी महाराज ने गृहस्थाश्रम छोड़कर 27 वर्षों तक अन्न ग्रहण नहीं किया था।



**खोयरी महादेव मंदिर के पीछे महाराज की समाधि स्थितः** खोयरी महादेव मंदिर के पीछे हरिओम तत्सत महाराज की समाधि स्थित है। संतश्री ने अपने अनुयायियों को पहले ही बता दिया था कि वे कब और कितने समय पर मोक्ष प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपने मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव-मंदिर के समीप तय किया था। मोक्ष के एक दिन पूर्व ही वे वहां पहुंचकर साधना में लीन होने के उपरान्त ब्रम्हलीन हो गए थे।

**पारायण चौक की भेंट दी और निर्माण प्राप्त किया-** नगर के पारायण चौक एवं कालांतर में गीता मानस प्रचार समिति की स्थापना हरिओम तत्सत जी महाराज की देन है। पुराने समय में बड़े सत्यनारायण मंदिर के सामने नगर में पारायण होता था। इसके बाद नए स्थल की आवश्यकता महसूस हुई और महाराजश्री ने तत्कालीन राजा से पारायण चौक वाले स्थान पर मंदिर निर्माण की आवश्यकता जाहिर की थी। राजा ने उनके आदेश पर 17 अक्टूबर 1968 को पारायण चौक का निर्माण आरंभ करवाया।

# गुरु गोबिंद सिंह का 359 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया



**ब्यावरा।** शहर स्थित राजगढ़ रोड पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समाज बंधुओं द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान किया गया। कीर्तन और गुरबाणी के मधुर शब्दों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन दरबार के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रेमपूर्वक लंगर प्रसादी ग्रहण की। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो सिख धर्म की समता, सेवा और भाईचारे की परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर संगत द्वारा "सर्वत के भले" की अरदास भी की गई, जिसमें विश्व शांति, मानव कल्याण और आपसी सद्भाव की कामना की गई।

उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज, सिख धर्म के दसवें गुरु थे, जिन्हें संत-सिपाही के रूप में जाना जाता है। उन्होंने मानवता, धर्म की रक्षा, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया तथा खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग, नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन एवं सेवादारों द्वारा संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

## नेत्रदान कर दिया परोपकार का संदेश




**ब्यावरा।** शहर के निवासी आनन्द स्वरूप चांडक के शनिवार को निधनोपरांत उनके पुत्र संजय चांडक, ऋषि चांडक, एवं श्यामू सुन्दर चांडक से लायन्स क्लब ब्यावरा के राहुल डागा ने सम्पर्क कर दिवंगत के नेत्रदान की गुजारिश की। जिस पर सहमति होने पर दागा द्वारा नवज्योती नेत्रदान समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचना दी। इस पर पूजा गुप्ता ने भोपाल की मेमोरियल हॉस्पिटल से टीम संपर्क कर डॉ संदीप पंचोले ने नेत्रदान सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर परिवार जनों के साथ लायन्स क्लब ब्यावरा के मुकुल जैन, चिराग मोदानी, अंकित जैन, अमूल अग्रवाल मौजूद रहे। पूजा गुप्ता ने नेत्रदान के प्रति चांडक परिजनों का आभार प्रदर्शित करते हुए आमजन से अनुरोध किया कि मृत्यु पश्चात नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों को दृष्टि देने का पुण्य कमाएं।

## कवि सुशील व्यास सारंग को राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में दसवां स्थान

**सारंगपुर ।** रोहतक हरियाणा में आयोजित आचार्य अकादमी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर आयोजित 51वीं राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। देश भर से आए कवियों की रचनाओं में से चुने गए 10 विजेताओं और 4 विशिष्ट पुरस्कृत कवियों को बधाई दी गई। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर निवासी प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार सुशील व्यास ९सारंग९ की रचना को पुरस्कृत रचनाओं में दसवाँ स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि श्री व्यास के साथ-साथ पूरे अंचल के लिए गर्व की बात है। सुशील व्यास बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे कुशल चित्रकार, सुरीले गायक और संगीतकार भी हैं। सरल व सहज जीवन जीने वाले व्यास पर माँ सरस्वती की विशेष कृपा है। वे समर्पित समाजसेवी हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। साथ ही, वे विद्या भारती के सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आपके द्वारा लिखे हुए गीत बहुत सारा गए सराहे गए जन्म में पीले चावल घर घर आए आया बुलावा राम का, बुला रही है धरा अवध की, सजा अवधपुरी का द्वार गीत कई प्रभात फेरी में गाए गए।



## संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ




**ब्यावरा।** पचोर स्थित संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार आनंद जायसवाल नायब तहसीलदार आरएस शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा तथा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा दीप व मशाल प्रज्वलन कर ध्वजारोहण के साथ हुई। विद्यार्थियों ने स्कूल कैप्टन दीपांशी गोयल, स्पोर्टस कैप्टन वेदी चौधरी, गांधी हाउस कैप्टन भाग्यश्री पच्चीसीया, सुभाष हाउस कैप्टन अतुल लोधी, कलाम हाउस कैप्टन सुमन शर्मा, टैगोर हाउस कैप्टन पंखुड़ी सक्सेना के नेतृत्व में आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर खेल भावना, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन में विद्यालय की सहकोऑर्डिनेटर कवलप्रीत, प्री प्राइमरी ब्लॉक एच ओ डी रियांशी गोयल, स्पोर्टस टीचर मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर, परेड ट्रेनर सत्यनारायण शर्मा, म्यूजिक टीचर सौरभ शर्मा, बैंड ट्रेनर रोशन शाह, डेकोरेशन टीम कमलकांत, प्रियंका सक्सेना, हॉस्टल वार्डन विपिन भागवत आदि का योगदान है।

# लोकतंत्र सेनानी शंकर सिंह चंदेल को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**सारंगपुर।** क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी, लोकतंत्र सेनानी एवं मिसाबंदी रहे स्वर्गीय शंकर सिंह चंदेल का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चंदेल ने देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाई थी तथा आपातकाल के दौरान मिसाबंदी में रहते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष किया। रविवार को उनकी शव यात्रा ग्राम धनोरा में उनके निवास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस दल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

इस दौरान राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, एसडीओपी अरविंद्र सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा,निर्मल जैन, सरपंच तेजसिंह राजपूत, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सम्पूर्ण गांव ने नम आंखों से अपने इस स्वतंत्रता सेनानी को अंतिम विदाई दी।

कितनी दवाईयां, उपकरण जले इस बारे में बताने से कतरा रहे विभाग के जिम्मेदार

# अभी तक रहस्य बनी हुई है जिला अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग

**राजगढ़।** जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ स्टोर रूम में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना रहस्य ही बनकर रह गई है। घटना की पीछे की वजह शार्ट-सर्किट अलबत्ता बताई जा रही है लेकिन इस आगजनी में कितना माल जलकर राख हुआ, कितनी दवाईयां जलीं व कितने उपकरणों का नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। सबसे बड़े बात भी यह है कि जिस स्टोर रूम में आग लगी है उसके इन्चार्ज तीन दिनों पहले ही अवकाश लेकर गए थे और उनकी जगह एक अन्य व्यक्ति को स्टोरकीपर का चार्ज सौंपा गया था। इस पूरे मामले में सत्तापक्ष के लोग भलेंही कुछ भी स्पष्टतः बोलने में कतरा रहे हों लेकिन कांग्रेस खुलकर सामने आई है। राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने जहां शनिवार दोपहर आगजनी स्थल पहुंकचर मौके का जायजा लिया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। आगजनी की इस घटना में कितने का नुकसान शासन को हुआ है इस बारे में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

*कांग्रेस ने आगजनी की इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच की रखी मांग*

*घटना की पूरी जांच के लिए गठित की गई 7 सदस्यीय टीम, आज प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट*

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने रखी विशेष कमेटी बनाने की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने ट्वीट करते हुए इस मामले में एक प्रदेश स्तरीय तकनीकी रूप से दक्ष जांच टीम बनाने की मांग शासन, प्रशासन से की है। उन्होंने लिखा की स्टोर कीपर के अवकाश पर रहना और सीएमएचओ द्वारा अपने चहेते व्यक्ति को स्टोर कीपर को चार्ज सौंपना सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है और इस पूरी आगजनी की घटना की विस्तृत जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पर भी तंज कसते हुए सिंह ने कहा कि अब आपके विभाग की आग सतपुड़ा से राजगढ़ तक पहुंच चुकी है।

### पूर्व विधायक ने किया मौका मुआयना

अस्पताल के स्टोर रूम में लगी इस आग की घटना के बाद पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने शनिवार दोपहर घटनास्थल पहुंचकर मौका-मुआयना किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आगजनी में एक करोड़ से अधिक की दवाईयों सहित अन्य उपकरणों का नुकसान हुआ है लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को पूरा स्पष्टीकरण देते हुए आमजनों के सामने स्थिति क्लीयर करनी चाहिए कि स्टोर रूम में रखा कितना और क्या-क्या सामान/माल जलकर राख हुआ है।




Priyavrat Singh @iPriyavratSingh · 5s
राजगढ़ ज़िला अस्पताल बन गया है भ्रष्टाचार का केंद्र!
औषधि केंद्र में लगी आग कई लापरवाहियों और ख़ामियों को करती है उजागर- स्टोरकीपर छुट्टी पर, चहेते कर्मचारी को नियम विरुद्ध चार्ज, सी.एम.एच.ओ. 50 मीटर दूर रहती हैं मगर घंटों बाद मौके पर पहुँची, बिना प्रदेश-स्तरीय एक्सपर्ट कमिटी के आए अनाधिकृत लोग रातभर स्टोर में।

यदि पीछे ऑक्सीजन सिलेंडर स्टोर तक आग पहुँच जाती, तो शायद बहुत बड़ा हादसा होता!

अब @collectorrajga1 को जाँच तो करवानी चाहिए। उप-मुख्यमंत्री जी @rshuklabjp
आप के विभाग की आग अब सतपुड़ा भवन से राजगढ़ तक पहुँची!!

वैसे बताते हैं कि CSR की फंडिंग से दवाई ख़रीदने का मामला है; देखते हैं क्या कार्यवाही होती है !?!

### आमजनों ने रखी सूक्ष्मता से जांच की मांग

अस्पताल के जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है उसमें करीब एक करोड़ से अधिक की दवाईयां, उपकरण सहित अन्य सामान जलकर राख होने के आरोप आमजनों द्वारा लगाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले में आमजनों ने भी प्रशासन से मांग रखी है कि आगजनी में कितना नुकसान हुआ और क्या-क्या सामान जलकर राख हुए हैं, वह सब सबके सामने सार्वजनिक किए जाने चाहिए। इसके अलावा नियमों की अवहेलना करते हुए दिए गए स्टोरकीपर के चार्ज मामले की भी निष्पक्षतः जांच करवाकर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

### इनका कहना है...

पूरे मामले की जांच के लिए 7 सदस्यीय टीम गठित की गई है। कल टीम की रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी जिससे समूची स्थिति स्पष्ट होगी की आगजनी में कितना नुकसान हुआ है। इसके साथ ही जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।
**डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़**

## मैकेनिकल वोटिंग मशीन के आविष्कार पर विश्वकर्मा पिता-पुत्र को राष्ट्रीय सम्मान

**सारंगपुर।** मुंबई में आयोजित एसजीवीएस राष्ट्रीय पुरस्कार-2025 (विश्वकर्मा प्रतिभा सम्मान) समारोह में पचोर के निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं उनके पुत्र, भोपाल निवासी सह-आविष्कारक कमलेश विश्वकर्मा को उनके अभिनव आविष्कार मैकेनिकल वोटिंग मशीन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 21 दिसंबर 2025 को प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि 75 वर्षीय रामप्रसाद विश्वकर्मा ने सीमित संसाधनों के बावजूद इस मशीन का विकास किया। इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाना, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना तथा चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह मशीन विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी मानी जा रही है, जहां आधुनिक तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सीमित है। इस मैकेनिकल वोटिंग मशीन को भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त है।



ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
राजगढ़ जिले में एजेन्सी देना है।
पचोर, बोड़ा, तलेन, इकलेरा, भयाना, माचलपुर, ब्यावरा, करनावास, भैसावामाता, हराना, छापीहेड़ा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042